**खबर संक्षेप**

### मतदाता सूची के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक संपन्न

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्य और गतिविधियों की सतत प्रक्रिया में राजनैतिक दलों की नियमित सहभागिता के उद्देश्य से जारी निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई।इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखडे, एसडीएम और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सतना राहुल सिलाडिया,निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रैगांव एलआर जांगडे,इलेक्शन सुपरवाइजर द्वारिकेन्द्र सिंह, केबी त्रिपाठी सहित राजनैतिक दलों प्रतिनिधियों में मकसूद अहमद,प्रदीप समदरिया, विनोद अग्रवाल, रामसागर पाण्डेय, रामकुमार विश्वकर्मा, जेपी कुशवाहा,डॉ.अमित सिंह उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुसार सतना और मैहर जिले में कुल 7 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। जिनमें प्रत्येक विधानसभा की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मतदाता सूची के संबंध में जानकारी देने और सुझाव के लिए विधानसभा स्तर और मण्डल स्तर के राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठकें ली जा चुकी है। इन बैठकों के पश्चात जिला स्तर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर उनके सुझाव प्राप्त किये जा रहे हैं।

### अस्पताल चौक से लेकर दुर्गा मंदिर तक उड़ रही है धूल

# बाजार में दिन में खोद डाली सड़क, नागरिक परेशान

**सीवर लाइन का काम देखने वाले अधिकारी भी नहीं रहते हैं मौके पर**




**सतना।** स्मार्ट सिटी के तहत सड़क खोदकर सीवर लाइन डालने का सिलसिला शहर में लगातार जारी है। मौजूदा समय में बाजार क्षेत्र के अस्पताल चौराहे से लेकर पुराना नगर निगम तिराहा तक सड़क खोद कर सीवर लाइन डालने का काम किया जा रहा है। लेकिन यहां के नागरिकों को इसलिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि अति व्यस्ततम बाजार क्षेत्र में दिन के काम किया जा रहा है। लोगों का मानना है कि बाजार क्षेत्र होने के कारण यहां पूरी ऊर्जा के साथ रात में काम किया जाए तो शायद बेहतर होगा। नागरिकों में नाराजगी भी इस बात को लेकर है कि यहां के लोग कितना परेशान हैं यह जानने के लिए जिम्मेदार अधिकारी एक बार भी मौके पर नहीं आते हैं जिसकी वजह से समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

#### एक तरफ पूरा हो काम

नागरिकों का मानना है कि सीवर लाइन के लिए सड़क को खोदने का काम एक तरफ से किया जाना चाहिए। पिछले दिनों खेरमाई रोड, खजूरी टोला आयुष्मान हॉस्पिटल वाली रोड़ खोदी गई और यहां पर अभी तक पूरा काम नहीं हो सका है कुछ जगह पर सड़क को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है वह भी आधा अधूरा है। नगर निगम प्रशासन को चाहिए था कि पहले खजूरी टोला आयुष्मान अस्पताल क्षेत्र और खेरमाई रोड़ का काम पूरा करने के बाद बाजार में काम शुरू किया जाता तो बेहतर होता।

#### पार्षद चुप, विपक्ष भी मौन

नागरिक इस बात को लेकर अचरज में है कि ना तो इलाके के पार्षद इस मामले में आवाज उठा रहे हैं और ना ही विपक्ष कुछ बोल रहा है। विपक्ष के कई ऐसे नेता हैं जो अपनी मौजूदगी का दम दिखाते नहीं थकते हैं लेकिन जनता से जुड़ी जरूरी बातों पर उनकी चुप्पी भी संदेह के दायरे में आ जाती है।

#### कर रहे हैं काम कैसे करें बुराई

सूत्रों के हवाले से पता चला है कि विपक्ष के कई छोटे-बड़े लोग पेटी कांटेक्ट में पीछे से पैसा लगाकर स्मार्ट सिटी का काम कर रहे हैं इसलिए ना तो उन्हें काम की क्वालिटी से मतलब है और ना ही जनता की तकलीफ से। उनके द्वारा कभी-कभी की जाने वाली नाराजगी और विरोध जताना महज एक रस्म अदायगी होता है।



## बरौंधा में तीन किसानों के घरों में भड़की आग, भारी तबाही

**सतना।** जिले के बरौंधा थाना क्षेत्र के लोधन पुरवा गांव में मंगलवार और बुधवार की रात तीन किसानों के घरों में अचानक आग भड़क गई। इस घटना में रुपया-पैसा,सोना-चांदी सहित पूरी गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद राजस्व और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है। आप उसे वक्त लगी जब तीनों घरों में रहने वाले लोग फसल काटने के लिए खेत में गए हुए थे। घटना की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार हीरालाल सिंगरौल,दादूराम सिंगरौल और नीरज सिंगरौल के घर इस आग की चपेट में आए हैं। पीड़ित नीरज सिंगरौल ने बताया कि खाना खाने के बाद वे लोग खेत में बने घर में फसल की रखवाली के लिए गए थे। रात करीब एक बजे उनके घरों में आग लग गई। आसपास के लोगों के शोर मचाने पर वे मौके पर पहुंचे। घरों में आग लगने से जेवरात,अनाज और घरेलू सामान जलकर राख हो गया। हम लोग जब तक घर पहुंचे आग बेकाबू हो चुकी थी। ग्रामीणों की मदद से सुबह चार बजे आग पर काबू पाया जा सका। आग से घरों में रखे जेवरात,अनाज और घरेलू सामान जलकर राख हो गए। तीनों पीड़ित परिवारों को मिलाकर लगभग 50 लाख रुपए का नुकसान होने का अंदेशा जताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर सुबह पटवारी और ग्राम सहायक ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।



### सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया निरीक्षण

**सतना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन के मार्गदर्शन में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पार्थ शंकर मिश्र द्वारा उप जेल मैहर एवं मध्यस्थता केन्द्र मैहर तथा तालुक विधिक सेवा समिति उंचेहरा का निरीक्षण किया गया। सचिव पार्थ शंकर मिश्र द्वारा उपजेल का निरीक्षण करते हुए बंदियों के प्रकरणों में विधिक सहायता,स्वास्थ्य एवं उनके रहन-सहन की व्यवस्थाओं के निरीक्षण के साथ 'प्रिजन लीगल एड क्लीनिक' का भी निरीक्षण किया गया। श्री मिश्र द्वारा उपजेल प्रभारी से भी बंदियों के विधिक सहायता संबंधी मामलो एवं जेल प्रशासन द्वारा बंदियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं संबंधी सामान्य जानकारियां प्राप्त की गई। सचिव पार्थ शंकर मिश्र द्वारा मध्यस्थता केन्द्र मैहर व तालुक विधिक सेवा समिति उंचेहरा निरीक्षण के दौरान संबंधित पैनल लायर्स व अधिवक्ता मीडियेटर्स से संवाद स्थापित कर विधिक सहायता व मध्यस्थता संबंधी प्रकरणों के निराकरण,आयोजित नेशनल लोक अदालतो एवं समय-समय पर प्रायोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रमो के माध्यम से पक्षकारो व आमजन को लाभांवित कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी मुहम्मद जीलानी उपस्थित रहे।

## 235 मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण




### मलगांव में मेगा मेडिकल कैम्प का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न

**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ग्राम मलगॉव में निःशुल्क बृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस शिविर में आये हुये 235 मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों की जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श भी प्रदान किया गया।साथ ही,निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस शिविर में विशेष रूप से महिलाओं,बुजुर्गों और बच्चों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। कंपनी के एजीएम सीएसआर एंड पीआर,देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को मुफ्त चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना था। निःशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जगतनारायण त्रिपाठी (उपसरपंच),अध्यक्ष अशोक द्विवेदी (समाजसेवी),विशिष्ट अतिथिगण कृष्ण पाल सिंह (पूर्व सरपंच),नरेंद्र सिंह तिवारी (समाजसेवी), रामबली साकेत (समाजसेवी),और प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड से एम.के.सिन्हा (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स) एवं डी.के.सिंह (जीएम माइंस) द्वारा भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण करके किया गया। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा किए जा रहे विभिन्न सामाजिक विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि आज के शिविर में डॉ.डी.डी. मिश्रा (हड्डीरोग विशेषज्ञ),डॉ.अनुराग बागरी (मेडिसिन विशेषज्ञ),डॉ.रचना गुप्ता (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ),डॉ. सतीश त्रिपाठी (दंत रोग विशेषज्ञ) और डॉ.नीरज सिंह(नेत्र रोग विशेषज्ञ) ने अपनी सेवाएं प्रदान की।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मनीष कुमार सिन्हा,सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स ने कहा कि इस स्वास्थ्य शिविर से हमारे ग्रामवासियों को निश्चित रूप से उन विशेषज्ञों का लाभ मिलेगा,जिनके लिये हमे जिला मुख्यालय तक जाना पड़ता है। नियमित जांच और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाकर हम गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं। अध्यक्ष अशोक द्विवेदी ने कहा कि यह केवल एक चिकित्सा शिविर नहीं, बल्कि समाज सेवा और मानवता के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है,और ऐसे प्रयास न केवल लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं,बल्कि जागरूकता भी फैलाते हैं। कार्यक्रम के अंत में डी. के. सिंह (जीएम माइंस) ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिविर में हड्डी रोग के 88,नेत्र रोग के 36,दंत रोग के 27,हृदय रोग एवं सामान्य चिकित्सा के 54,और स्त्री रोग से संबंधित 30मरीजों का परीक्षण किया गया और उपचार किया गया। इसके अलावा,28 रोगियों के ब्लड शुगर की जांच भी की गई।इस चिकित्सा शिविर में ग्राम पंचायत मलगॉव से वीरेन्द्र सिंह,प्रभूदयाल गुप्ता,सुशील द्विवेदी,श्रीमती कुंतलिया यादव,श्रीमती शांती शर्मा एवं प्रिज्म जॉनसन से देवेन्द्र मिश्रा,विजय मिश्रा,प्रकाश पाण्डेय,संदीप तिवारी,बृजेश मिश्रा,संजय सिंह परिहार के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।आयोजन का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ और स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की।कई लोगों ने इस तरह के कैंप को समय-समय पर आयोजित करने की मांग की,ताकि अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

## तेज रफ्तार ट्रक बेकाबू होकर पलटा, चालक घायल

**सतना।** सतना चित्रकूट सड़क मार्ग पर एक तेज रफ्तार तक बेकाबू होकर पलट गया। इस घटना में ट्रक का चालक घायल हो गया उसे पुलिस ने राहगिरो की मदद से अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज किया जा रहा है। बताया जाता है कि मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक तेज रफ्तार ट्रक बेकाबू होकर पुलिया से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक पलट गया। हादसा हिरौंदी के पास रात करीब 1 बजे हुआ।हादसे में ट्रक चालक राजकुमार कोल 32 वर्ष ट्रक के अंदर फंस गया। वो सतना के आदर्श नगर नई बस्ती का रहने वाला है।सूचना मिलते ही मझगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने राहगीरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद चालक को ट्रक से बाहर निकाला। घायल चालक को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां ले जाया गया। उसकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के समय ट्रक सतना से चित्रकूट की तरफ जा रहा था।

**नाम सुधार सूचना**

मे विशम्भर प्रसाद साहू पिता राममिलन साहू उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम लखनपुरा पो. इटौरा तह. विजयराघवगढ जिला कटनी म.प्र. का निवासी होकर शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरा कियोस्क बैंक शाखा बदेरा में खाता क्र. 34819862101 खुला हुआ है उक्त खाता मे मेरा नाम विशम्भर लिखा हुआ है। जबकि मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम विशम्भर प्रसाद साहू लिखा है। मेरे कियोस्क बैंक खाते में दर्ज नाम विशम्भर एवं आधार कार्ड मे दर्ज नाम विशम्भर प्रसाद साहू दोनो नाम मेरे है। अतः मेरे बैंक खाते में आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम विशम्भर प्रसाद साहू, लिख दिये जाने वास्ते यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता....

## हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस सूत्रों के मुताबिक एक व्यक्ति मारपीट के कारण रामलीला मंच रामना टोला में काफी घायल अवस्था में पड़ा। जिसके सर से काफी खून बह रहा था। सूचना पर कोतवाली पुलिस के द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल को जिला अस्पताल सतना में भर्ती किया गया। जिला अस्पताल में ही शराब के लिए पैसे न देने पर हत्या के प्रयास की प्रथम सूचना पत्र देहाती नालसी अपराध क्रमांक 0/25 धारा 119,(1),109 BNS का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया,दिनांक 19/03/25 को शाम करीब 5 बजे फरियादी दीपक चौधरी पिता श्याम सुंदर अहिरवार उम्र 37 वर्ष निवासी रमन टोला के रामलीला मंच पर बैठा था तभी आरोपी गोलू चौधरी हरियाली के पास आया और उससे शराब पीने के लिए पैसे की मांग की फरियादी के द्वारा पैसे नहीं दिए जाने पर आरोपी गोलू चौधरी के द्वारा वहीं पर पड़ी पत्थर की उठाकर जान से मारने की नीयत से प्राण घातक हमला कर दिया जिससे फरियादी को गंभीर चोट आ गई और वहीं पर गिर गया आरोपी गोलू चौधरी वहां से फरार हो गया मामले की संपूर्ण विवेचना से आरोपी गोलू चौधरी के विरुद्ध अपराध प्रमाणित पाए जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया है।



## बिजली के खंभे पर लटकती मिली युवक की लाश

**चौकी प्रभारी की मौजूदगी में कचरा वाहन से ले जाया गया शव**



**सतना।** मैहर में मानसिक रूप से विक्षिप्त 40 वर्षीय गुड्डु कोल ने बिजली के खंभे पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चौकी प्रभारी की मौजूदगी में मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए कचरा वाहन में ले जाया गया। वाहन से कचरा भी नहीं हटाया गया। इससे जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। बताया जाता है कि झाड़-फूंक कराने मैहर लेकर आए थे घटना बुधवार दोपहर की है। गुड्डु कोल खाना खाने के बाद अपनी ससुराल मैहर में गोला मठ मंदिर रोड पर गया। वहाँ सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे में साफी से फांसी लगा ली। राहगीरों ने देखकर देवी जी चौकी प्रभारी महेन्द्र पांडेय को सूचना दी। मृतक अबेर,जिला सतना का रहने वाला था। परिजनों के अनुसार,वह पिछले कई महीने से मानसिक रूप से विक्षिप्त था। इसी कारण उसकी झाड़-फूंक कराने के लिए परिजन उसे मैहर लेकर आए थे। मृतक मजदूरी का काम करता था।

### मैहर में फंसा रोपवे, दर्शनार्थियों को सुरक्षित उतारा गया

**सतना।** मैहर जिले के मां शारदा मंदिर रोपवे के तीन नंबर पिलर के पास 11 एनडीआरएफ वाराणसी की टीम ने रोपवे फंस जाने की स्थिति में दर्शनार्थियों को सुरक्षित नीचे उतारने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान एसडीएम मैहर विकास सिंह,डिप्टी कमांडेंट रामभुवन सिंह यादव,रोपवे इंचार्ज अशरफ, एस बी सिंह सहित रोपवे गार्ड,समिति कर्मचारी,फायर कर्मी एवं स्थानीय लोगों उपस्थित रहे।



हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

**माह अप्रैल 2025**

**जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट**

नोट : 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 मार्च 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100

**कार्यालय प्रति**

पाठक का नाम ____________ मो.नं. ____________
पिता का नाम ____________ जन्मतिथि ____________
स्थान ____________ जिला ____________
एजेंसी का नाम ____________
एजेंसी का पता ____________ मो.नं. ____________

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि **ग्राहक प्रति** जन्मदिन उत्सव

पाठक का नाम ____________ मो.नं. ____________
पिता का नाम ____________ जन्मतिथि ____________
स्थान ____________ जिला ____________
एजेंसी का नाम ____________
एजेंसी का पता ____________ मो.नं. ____________

### जीवन को संकट से बचाने के लिए जल, जंगल, जमीन व पहाड़ सभी को सुरक्षित करना जरूरी?

# नदी, पहाड़ व जंगल को निगल रहा है माफिया

जिले की बात करें तो भौगोलिक दृष्टिकोण से यहां प्रकृति ने तो बाखूबी हमें उपहार के रूप में पहाड़, जंगल तथा नदियां दी पर स्वयं के लालच में भावी भविष्य को खत्म करने के लिए नदी का जीवन संकट में जंगल से प्रतिदिन हजारों गट्ठे लकड़ी तथा इमारती लकड़ी काटी जा रही है वहीं पहाड़ों में पत्थर खदानें भी पहाड़ों के लिए संकट भावी भविष्य अब कैसे होगा सुरक्षित चिंता का विषय। केन नदी जिसका जीता जागता उदाहरण। क्या इसी तरह के अवैध उत्खनन से केन का अस्तित्व बचा रहेगा। जल स्तर भी खोजने पर कितनी गहराई पर मिलेगा यह तो गर्त में छिपा हुआ भविष्य जल संकट को लेकर ही माना जा रहा है।

पन्ना

हम भग्यशाली हैं कि भारत का ह्रदय स्थल समझे जानेवाले मध्य प्रदेश में रहते हैं। एक तो यह तमाम जैव विविधताओं से परिपूर्ण यूं ही बहुत बड़ा प्रदेश है, दूसरा तमाम प्रदेशों की सीमाओं से जुड़े होने के कारण इसकी सांस्कृतिक विविधता में भी और चार चांद लग जाते हैं। बैज्ञानिकों का कथन है कि हमारी सेहत के लिए 30 प्रतिशत वन चाहिए। तो वह इतनी मात्रा में भले न हो, फिर भी सरकारी और निजी भूमि को मिला कर 20-22 प्रतिशत तो होगा ही ? इसका जीता जागता उदाहरण है, हमारे यहां आदिवासी समुदाय की बाहुलता। क्योंकि अभी तक यही देखा गया है कि ष्जहां- जहां घने जंगल, वहां - वहां आदिवासी। और जहां- जहां आदिवासियों का निवास वहां-वहां घना जंगल भी। किन्तु जहां अन्य समुदायों का पदार्पण हुआ, जंगल पहाड़ साफ। लेकिन जिस गति से आज प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है, तो न तो उससे अब जंगल बचेगा और





न ही पहाड़ बच पाएंगे। और जब यह दोनों न रहेंगे तो पानी को कोई माई का लाल नहीं बचा पाएगा। हमारे राज्य की सीमा में उत्तर प्रदेश है, यहाँ की नदियां हिमनद हैं। पानी गिरे न गिरे हिमालय की बर्फ पिघलती है और नदियों से प्रवाहित हो वहां का जल स्तर सामान्य रखती हैं। किन्तु यहां की नदियां हिमनद या हिमपुत्री नहीं वनपुत्री हैं। हमारी पवित्र नदी नर्मदा का ही रेवा, नर्मदा के साथ-साथ मेकलसुता आदि नाम भी हैं। अकेले नर्मदा भर नही यहां की समस्त नदियां वनजा ही हैं और इन वन जाइयों का अस्तित्व भी वन से ही है। वन रहेगा तो पानी रहेगा और पानी रहेगा तभी वन भी। क्यों कि जब वन नहीं रहता और समुद्र से आ रहे बादलों को धरती से नमी नहीं मिलती तो धरती का ताप या कार्बन डाइऑक्साइड उन्हें और ऊंचा उठा देती है। फलस्वरूप वह बगैर बरसे ही उड़ते हुए निकल जाते हैं। इसलिए पेड़ों को बचाने के लिए हमें पहाड़ के भी बचाने की जरूरत है। क्योंकि जब कोई पत्थर हजारों वर्ष सूर्य की गर्मी से तपता है, वर्षा से गलता है तो उसमें क्षरण होता है। वह क्षरण पत्थरों के सन्धि स्थल में एकत्र होता रहता है। फिर उसी में पेड़ों के पत्ते झड़ और सड़ कर एक पर्त सी चढ़ा देते हैं, जिससे सड़े पत्ते और क्षरण मिल कर उपजाऊ मिटटी बन जाते हैं। कालांतर में उसी उपजाऊ मिट्टी बने क्षरण में कोई पेड़ चिड़यिों, हवा या किसी अन्य माध्यम से अपना बीज पहुँचा देता है जो बढ़ कर उसी सन्धि स्थल में पेड़ का रूप ग्रहण कर लेता है। और हमारा हवा, पानी तथा फल का प्रदाता भी बन जाता है। परन्तु जब किसी पहाड़ या डोंगरी के पत्थर को गृह या सड़क निर्माण आदि के लिए निकाल लिया जाता है, तो पहली बरसात में ही वह सारी जमा हुई मिट्टी और पत्ते की लेयर बह जाती है। एवं वह डोंगरी हजारों वर्षों के लिए बांझ सी हो जाती है। हमारा गांव पहाड़ के ठीक नीचे ही बसा है, तो पहले हमने पत्थर पेड़ युक्त हरी भरी डोगरी भी देखे हैं। और अब घुटे सिर की शक्ल की भी देख रहे हैं। इसलिए पर्यावरण और भविष्य बचाने के लिए हमें जंगल, नदी और पहाड़ तीनों को बचाने की जरूरत है। वर्तमान समय में जिले में जहां केन नदी ही उदाहरण है। जिसमें अवैध उत्खनन भावी भविष्य के लिए जल संकट को लेकर आमंत्रण माना जा रहा है वहीं जंगल की बात करें तो हजारों गठ्ठे लकड़ी जलाउ के नाम पर प्रतिदिन जंगल से आती हैं वहीं पत्थर खदानें आज भी कई पहाड़ विनाश को लेकर स्वयं जानी जाती है। साथ ही भविष्य की चिंता अब सायद नहीं है। तभी तो इस ओर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं। जल ही जीवन है नारा तो दे रहे है पर जल के लिए चिंता सायद कैसी मानी जाये। जहां विनाश को लेकर खुला आमंत्रण की राह तय हो रही है।

## वैश्य महासम्मेलन की महिलाओं ने एकत्र होकर मनाया होली मिलन समारोह

पन्ना

दशहरा और होली दोनों ऐसे त्यौहार हैं जो बुराई पर अच्छाई के प्रतीक हैं जिसमें होली एक ऐसा पर्व है जिसे उमंग के साथ रंगोत्सव के रूप में मनाये जाने वाला पर्व है जिसे विशेष रूप से होलिका दहन से रंगपंचमी तक मनाया जाता है। होली पर्व सदियों से सांस्कृतिक रूप में मनाये जाने का पर्व जिसमें समूहों में पृथक-पृथक रूप से पुरूष, महिलायें एक-दूसरे को माथे पर गुलाल लगाकर खुशियों का आदान-प्रदान करते हैं। इस दिशा में गत दिवस 17 मार्च, 2025 को स्थान संकल्प गार्डन पन्ना में वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई पन्ना की महिलाओं ने एकत्र होकर होली मिलन समारोह आयोजित किया। महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर, गुलाल उड़ाकर साथ-साथ संयुक्त रूप से नृत्य भी किया। समारोह में वैश्य





महासम्मेलन की संभागीय प्रभारी श्रीमती आशा गुप्ता, जिलाध्यक्ष श्रीमती मंजूलता जैन, नगर अध्यक्ष एवं महिला साख सहकारी समिति पन्ना की अध्यक्ष श्रीमती सुमन गुप्ता सहित अनीता गुप्ता, शालिनी गुप्ता, स्वेता गुप्ता, जया गुप्ता, गायत्री गुप्ता, रेखा गुप्ता, संध्या जैन, दीप्ति जैन, सारिका जैन, दिव्या जैन, तात्या सोनी, नूपुर, रानी, कुसुम, प्रीति अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, माधुरी अग्रवाल, डॉ ली अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, सीमा नगरिया, वंदना गुप्ता, निर्मला जौहरी, निधि जड़यिा अर्चन नगरयिा, अंगूरी, रीना शिवहरे ने समारोह में हर्षोल्लास के साथ हिस्सा लिया। स्नेह भोज उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ।

### स्टेडियम की सीढ़ी निर्माण कार्य का भूमिपूजन

## गुनौर विधायक राजेश वर्मा ने देवेंद्र नगर को दी स्टेडियम की सौगात

**एक करोड़ 43 लाख रुपए से बनेगा स्टेडियम, बरगी बांध से सिंचित होगी गुनौर विधानसभा, कांग्रेस पर हमला**

पन्ना।

मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के चतुर्थ चरण के तहत गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा और नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शिवांगी ललित गुप्ता की अध्यक्षता में देवेंद्रनगर में स्टेडियम सीढ़ी निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस स्टेडियम का निर्माण 1 करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से होगा, जिसमें लगभग 5000 दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। डॉ. राजेश वर्मा ने गुनौर विधानसभा को कई महत्वपूर्ण सौगातें दीं, जिसमें बरगी बांध का पानी, संस्कृत महाविद्यालय, सी एम राइज स्कूल, औद्योगिक क्षेत्र निर्माण, और ग्रामीण सड़कों का निर्माण शामिल है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा, ष्कांग्रेस अब एक बट वृक्ष से सिमटकर गमले में रह गई है। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रों से भूमि पूजन के साथ हुई। विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने कुदाली चलाकर इस परियोजना का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा, यह स्टेडियम क्षेत्र के खेल प्रेमियों और युवाओं के लिए बड़ी उपलब्धि है। डॉ. वर्मा ने पन्ना जिले की 92 सड़कों के सुधार की जानकारी भी दी। विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने गुनौर विधानसभा में बरगी बांध का पानी उपलब्ध कराने, सी एम राइज स्कूल की भूमि आवंटन, संस्कृत महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन शीघ्र कराने, और औद्योगिक क्षेत्र के लिए भूमि आवंटन की भी घोषणा की। कार्यक्रम में भाजपा नेता पंडित उमेश शर्मा, अनिल सिंह बुंदेला, और राम लखन शुक्ला ने विधायक के कार्यों की सराहना की। राम लखन शुक्ला ने देवेंद्रनगर के स्कूलों और बाईपास की आवश्यकता पर जोर दिया।





कार्यक्रम में करीब 400-500 लोग उपस्थित थे। डॉ. राजेश वर्मा ने कहा, मोहन सरकार के तहत सभी योजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी और देवेंद्रनगर के विकास को नई दिशा दी जाएगी।



## विश्व गौरैया दिवस की पूर्व संध्या पर पक्षियों को रखा दाना पानी

पवई।

पर्यावरण प्रेमी शिक्षक सतानंद पाठक ने विश्व गौरैया दिवस की पूर्व संध्या पर अपनी छत पर निर्मित बगिया में पक्षियों को दाना पानी रखते हुए बताया कि यह हर साल 20 मार्च को मनाया जाता है. यह दिवस दुनिया में गौरैया पक्षी के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मना रहा है. गौरैया की घटती संख्या को लेकर यह दिवस मनाए जाने लगा और साल 2010 में पहली बार गौरैया दिवस मनाया गया था. एक समय में यह घर के आंगन में चहकती करती दिखाई दे जाती थी, लेकिन अब इसकी आवाज कानों तक नहीं पड़ती है। रिपोर्ट्स के अनुसार गौरैया की संख्या में करीब 60 फीसदी तक कमी आ गई है. इस दिवस का उद्देश्य गौरैया का चिड़यिा का संरक्षण करना है। कुछ वर्षों पहले आसानी से दिख जाने वाला यह पक्षी अब तेजी से विलुप्त हो रहा है. दिल्ली में तो गौरैया इस कदर दुर्लभ हो गई है कि ढूंढे से भी ये पक्षी नहीं मिलता, इसलिए साल 2012 में दिल्ली सरकार ने इसे राज्य-पक्षी घोषित कर दिया। ये हैं दुनिया के सबसे छोटे 10 देश, 1 हजार से कम है जनसंख्या बता दें कि ब्रिटेन की श्रॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डसश ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को रेड लिस्ट में डाला है। खास बात यह है यह कमी शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में देखी गई है। पश्चिमी देशों में हुए अध्ययनों के अनुसार गौरैया की आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है।

### आखिर गांवों के लिए ही विकास फिर ग्राम सभाओं से क्यों बचाव

## विकास के नाम पर सरपंच व सचिव तक ही सिमटी पंचायतें, ग्राम सभाओं पर उठे सवाल

जिलें में ग्राम पंचायतों के विकास को लेकर जहां ग्राम सभाओं के प्रस्ताव के बाद ही आगे स्टीमेंट तथा टीएस व प्रशाकीय स्वीकृति के बाद कार्य स्वीकृत माने जाते है। पर यहां ग्राम सभाओं का आयोजन वास्तविकता में शायद किसी भी ग्राम पंचायत में नहीं होता। आखिर ग्रामों के विकास को लेकर जब ग्राम सभाओं से ही राय लेने के बाद आम सहमति से विकास की दिशा तय होनी है तो ग्राम सभाओं से छिपाव क्यों, वास्तविकता कोसों दूर ग्राम सभाओं का आयोजन कागजों में आखिर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत क्या ग्राम सभाओं के आयोजन वास्तविकता में कराये जाने को लेकर देगें जोर।

पन्ना।

सबसे बड़ा सवाल ग्राम पंचायतों से ही जो कागजों में ग्राम सभाओं का आयोजन लम्बे अर्से से जाना जाता है। जिले में ग्राम पंचायतों के माध्यम से गांवों के विकास की जिम्मेदारी ग्राम सभाओं के माध्यम से प्रस्ताव पारित करके आगे तय की जाती है। फिर जब गांवों का ही विकास करना



है तो ग्राम सभाओं से छिपाव आखिरकार क्यों किया जाता है जो अपने आप में सवाल ही बना हुआ है इससे साफ जाहिर होता है कि कहीं न कहीं सरपंचों व सचिव तथा ग्राम पंचायत के नोडल अधिकारी जिनकी उपस्थिति में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाता है महज कागजी कार्यवाही को लेकर अंजाम दिया जाता है। तभी तो ग्रामीणों को ग्राम सभाओं से कोई लेना देना नहीं होता। न ही उनकी जिम्मेदारी को लेकर कभी उचित माना जा रहा है। आखिरकार वास्तविकता में ग्राम सभाओं को कराने के लिए क्या जिम्मेदारी अधिकारी आखिरकार जिन्हें नोडल अधिकारी का दायित्व दिया जाता है उनसे जाना जायेगा कि जिस ग्राम सभा में नोडल अधिकारी का दायित्व दिया गया है क्या ग्राम सभा का कोरा पूरा होता है। उसमें महिलाओं की भागदारी कितनी सुनिश्चित हो रही है। वहीं ग्रामों के विकास को लेकर गांव की जनता की भागीदारी जो कोरम पूर्ण करने को लेकर मानी जाती है। वह वास्तविकता में क्या कोरम जानती है। ये अपने आप में कई सवाल स्वयं ही जवाब के लिए जिम्मेदारों से उचित माने जा रहे है। कहने को तो गांवों के विकास को लेकर ग्राम सभा के प्रस्ताव कागज में पारित करके मनमाफिक कार्य सरपंच सचिव के द्वारा जो कराये जाते है। क्या इनकी पड़ताल ग्राम सभाओं से कराई जायेगी। मामला कहीं न कहीं सबसे अहम है। क्योंकि जब गांव से ही विकास की राह तय होती है और ग्राम सभाओं को सरकार के द्वारा पंचायती राज में व्यवस्था बनाई गई तो फिर ग्राम सभाओं का आयोजन महज औपचारिकता तक क्यों सीमित रखा जा रहा है। क्या जिले के नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मराबी के द्वारा वास्तविकता में ग्राम सभाओं को कराये जाने को लेकर जिम्मेदारी तय की जायेगी ताकि गांवों की तस्वीर आम जनता समझ सके। आज भी विकास के नाम पर सरपंच व सचिव तक ही सिमटी पंचायतें। पंचों को भी इसकी जानकारी नहीं होती पंचों की भूमिका तो उप सरपंच चुनाव तक ही निहित हो गई। वहीं अब पंचायतों के कार्य आखिरकार जिम्मेदार अधिकारी सरपंच सचिव मिलकर कहीं न कहीं आम जनता से छुपाव करके विकास के कार्यों को स्वार्थपूर्ति को लेकर अंजाम देते है। जिसमें सीधा लाभ सरपंचों को होता है। उन कार्यों को प्राथमिकता दी जाती है ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को अपनी जिम्मेदारी का भान ही नहीं होता। तभी तो भ्रष्टाचार हर पंचायत में खुलकर बोलता है। आखिरकार ग्रामसभाओं से ही चोरी व छिपाव की रणनीति प्रस्ताव से ही आरंभ हो जाती है। आखिरकार क्या इस पर लगेगा विराम। देखना यह है कि प्रारदर्शिता को लेकर ग्राम सभाओं को मजबूत किया जाये। ग्राम सभाओं को कराये जाने को लेकर वास्तविकता में नियमानुसार कोरम पूरा करने के लिए जिस तरह से नियम बनाये गये महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए ग्राम सभाओ का आयोजन कराया जाये ताकि ग्रामीणों को अपने गांव के विकास में रूचि भी बने। साथ ही गांवों की भागीदारी विकास में जानी जाये। वास्तविकता में यह खेल जो स्वयं सरपंच व सचिव तक कागज में फर्जी प्रस्ताव के रूप में खेला जाता है उस पर विराम लगे जिम्मेदार अधिकारी क्या गौर करेगें ताकि विकास की आधार की नीव से ही जो छिपाव किया जा रहा है उस पर पारदर्शिता जानी जाये।

## प्रारंभिक शिक्षा के लिए आंगनबाडी को करें और सशक्त- संभागायुक्त डॉ. रावत

### महिला एवं बाल विकास विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

पन्ना। आगामी 31 मार्च तक लक्ष्य पूरा न करने वाले अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कुपोषित बच्चों को पोषित करने के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करवाया जाए। साथ ही प्रारंभिक शिक्षा के लिए आंगनवाडी केंद्रों को और सशक्त बनाएं। उक्त निर्देश संभाग आयुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने गत दिवस सागर में महिला एवं बाल विकास विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर संयुक्त संचालक बी.एल. प्रजापति सहित समस्त जिलों के जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी भी मौजूद थे। संभाग कमिश्नर डॉ. रावत ने कहा कि विभाग के द्वारा दिए गए लक्ष्य को 31 मार्च तक जो भी अधिकारी कर्मचारी पूरा नहीं करेगा, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और लक्ष्य से कम प्रगति होने पर बर्खास्तगी की कार्रवाई भी होगी। उन्होंने कहा कि सभी कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया जाए एवं उनको तत्काल पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराकर पोषण युक्त भोजन उपलब्ध कराएं और उनकी देखरेख करें। उन्होंने कहा कि आधार सत्यापित हितग्राहियों में फेस कैप्चर एवं ई-केवाईसी की स्थिति की जानकारी लेकर उनको पूरा कराएं। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वितरित होने वाला नाश्ता एवं भोजन को पोषण युक्त बनाएं एवं दोनों के वितरण के समय में समय का निर्धारण किया जाए। साथ ही नाश्ता एवं भोजन गर्म रहे, यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जन्म से 5 वर्ष की आयु के बच्चों में कम वजन एवं दुबलापन दिखने वाले बच्चों को चिन्हित करें और उनका इलाज प्रारंभ करें। प्रधानमंत्री मातृ



वंदना योजना के अंतर्गत लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण तत्काल किया जाए। इसी प्रकार जहां-जहां आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, उनका कार्य प्रारंभ करें और जहां स्थिति विवादग्रस्त है, इसकी सूचना तत्काल कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित में दें। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी आंगनबाड़ी भवन जर्जर नहीं होना चाहिए और सभी आंगनबाड़ी भवन को छोटे-छोटे बच्चों की हिसाब से सुसज्जित किया जाए। संभाग कमिश्नर ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में मुनगा के पौधे लगाएं एवं पोषण वाटिका का निर्माण करें। इसी के साथ रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण भी कराएं। उन्होंने निरंतर आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही केंद्र बंद पाए जाने या अनियमितताएं मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त आवंटन एवं व्यय तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना की प्रगति एवं छात्रवृत्ति भुगतान की समीक्षा भी की। कमिश्नर ने संभागीय समीक्षा बैठक में 50 एवं अधिक समयावधि की सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## रंग पंचमी के अवसर पर होली मिलन समारोह में कलाकारों ने जमाया रंग झूम उठे लोग



**पंचम सिंह चौराहा में सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र सिंह बबलू यादव द्वारा करवाया गया आयोजन**



**पन्ना।** नगर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं पार्षद प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह उर्फ बबलू यादव के द्वारा पंचम सिंह चौराहा में रंग पंचमी के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पन्ना नगर के कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि, राजनेता, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण एवं आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों ने राधा कृष्ण के शानदार गीतों पर नृत्य प्रस्तुति देकर रंग जमा दिया। कार्यक्रम दिन में 12 बजे से प्रारंभ होकर देर शाम तक चलता रहा, लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं गले मिल कर होली की शुभकामनाएं दी, होली मिलन समारोह के साथ-साथ सह भोज का कार्यक्रम भी रखा गया था लोगों के द्वारा इस भव्य होली मिलन समारोह की खूब सराहना की जा रही है।

## कलेक्टर ने निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल का किया निरीक्षण

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने बुधवार को जिले के पवई, शाहनगर, गुनौर एवं ककरहटी पहुंचकर निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया और निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी भवन के अधिकारियों से निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने शासन की गाइडलाइन अनुरूप समस्त मूलभूत व्यवस्थाओं व सुविधाओं के संबंध में भी निर्देशित किया। इस दौरान परिसर का अवलोकन कर कार्यों की गुणवत्ता भी देखी तथा समयावधि में



निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए कहा। कलेक्टर श्री कुमार ने गुनौर में लोक निर्माण विभाग की सकरिया-डिघौरा सड़क का भी अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाने के संबंध में भी जरूरी निर्देश दिए। संबंधित क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों की जानकारी लेकर कार्यों की सतत मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान संबंधित एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर परिषद गुनौर जिला पन्ना (म.प्र.)**
Email-cmogunour@mpurban.gov.in

क्र./223/राजस्व/न.प./2025 — **/ / प्रथम ऑफर सूचना / /** — गुनौर दिनांक 20.02.25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद गुनौर द्वारा वर्ष 2025-26 (दिनांक 1 अप्रैल 2025 से दिनांक 31 मार्च 2026 तक) हेतु निम्नानुसार वसूली ठेके पर देना प्रस्तावित है। अत: इच्छुक व्यक्ति नीचे दिये गये विवरण अनुसार अपने-अपने ऑफर फार्म "वी" में ई टेण्डरिंग के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। आफर सूचना में किसी तरह का संशोधन होने पर बेवसाईट में सुधार करवा दिया जायेगा समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं करवाया जायेगा।

| क्र. | कार्य का नाम एवं टेण्डर नं. | ऑफर राशि | धरोहर राशि | समय अवधि | ऑफर फार्म का शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उपभोक्ता प्रभार (बस स्टैण्ड फीस बसूली) | 4,90,000/- | 25000/- | 1 अप्रैल 2025 से दिनांक 31 मार्च 2026 तक | 500/- |

ऑफर फार्म दिनांक 11-03-2025 से 28-03-2025 तक वेवसाईट (www.mptenders.gov.in) पर ऑनलाईन भुगतान प्राप्त हो सकेंगे। विस्तृत ऑफर सूचनार्थ अन्य जानकारी बेवसाईट पर देखी जा सकती हैं।

अध्यक्ष
नगर परिषद गुनौर, जिला पन्ना (म. प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद गुनौर,
जिला पन्ना (म. प्र.)

खबर संक्षेप

### अवैध शराब परिवहन में पकड़े वाहनों को राजसात के लिए संबंधित को कलेक्टर न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश

**छतरपुर।** सहायक आबकारी आयुक्त छतरपुर ने बताया कि कलेक्टर न्यायालय के आदेशानुसार निखिल चौरसिया पिता वीरेंद्र कुमार चौरसिया निवासी वार्ड नं 4 बरिया मुहल्ला, गढ़ीमलहरा जिला छतरपुर के अवैध शराब परिवहन करते पकड़े गए जब्त शुदा वाहन एक पल्सर मोटर साइकिल जिसका नंबर एमपी 16 एमव्ही 3850 है और अपराध प्रकरण थाना गढ़ीमलहरा में पंजीबद्ध है। साथ ही अविनाश पस्तोर पिता महावीर प्रसाद पस्तोर निवासी गांधी निवास लोहिया नगर गाजियाबाद (उ.प्र.) अवैध शराब परिवहन करते पकड़े गए जब्त शुदा वाहन एक स्कूटी जिसका नंबर यूपी 14 बीडब्ल्यू 6930 है और अपराध प्रकरण थाना नौगांव में पंजीबद्ध है उक्त वाहनों को राजसात किए जाने संबंधी कार्यवाही कलेक्टर न्यायालय छतरपुर में विचाराधीन है अनेकों अवसरों के बाद भी 4 मार्च 2025 तक कलेक्टर न्यायालय में सम्बंधित उपस्थित नहीं हुए। न्यायालय के आदेशानुसार 8 अप्रैल 2025 तक स्वयं उपस्थित होकर, यदि फाइनेंस कंपनी व्यक्ति अथवा बैंक द्वारा लोन दिया गया हो तो संबंधित व्यक्ति अपना पक्ष कलेक्टर न्यायालय के समक्ष रखें अन्यथा आपके उत्तरदायित्व पर एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए उक्त वाहन राजसात कर लिए जाएंगे।

### अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर।** पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ संग्रह, विक्रय, उत्पादन एवं परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे नशाखोरों के विरुद्ध निरंतर सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है। विगत रात्रि थाना लवकुश नगर पुलिस को रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान अवैध शराब विक्रय हेतु संग्रह संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम ग्राम देवीखेड़ा पहुंची। संदेही के अवैध शराब संग्रह से 7 पेटी 350 क्वार्टर देशी शराब मात्रा 63 लीटर जप्त की गई। आरोपी रामेश्वर नागर पिता ग्यासीलाल नागर निवासी ग्राम देवीखेड़ा थाना लवकुशनगर को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना लवकुश नगर में आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया, अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी लवकुशनगर निरीक्षक परसराम डाबर, सहायक उप निरीक्षक दीवान सिंह , प्रआर. पुरूषोत्तम दास, अनीश, वीरेंद्र, आरक्षक रमाकांत, बलराम, उमेश, नरेंद्र, मंगल, उदय सिंह ह्रदेश, बनमाली, महिला आरक्षक गीता सिंह की भूमिका रही।

### पुलिस ने सात हजार के इनामी वारंटी को पकड़ा



**छतरपुर।** थाना किशनगढ़ के वर्ष 2015 के पशु क्रूरता निवारण प्रकरण का आरोपी अमजद उर्फ गुड्डू खान पिता रहमत खान निवासी कंदौरा जिला जालौन उत्तर प्रदेश हाल ईशानगर फरार चल रहा था। न्यायालय द्वारा फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु वर्ष 2022 में स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा स्थाई वारंटीयों की गिरफ्तारी हेतु लंबित स्थाई वारंटी (न्यायालय द्वारा जारी तिथि) जो माह दिसंबर 2012 से पूर्व के हैं, उन पर 10000, वर्ष 2013 से 2017 तक 8000, वर्ष 2018 से वर्ष 2022 तक 7000, माह जनवरी वर्ष 2023 से माह दिसंबर वर्ष 2023 तक 4000 एवं 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक 2000 जारी स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी हेतु इनाम की उद्घोषणा की गई है। थाना किशनगढ़ एवं ईशानगर पुलिस ने उक्त प्रकरण के फरार स्थाई वारंटी 7000 रुपये के इनामी वारंटी अमजद खान उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार किया। वारंटी को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी किशनगढ़ उनि राजकुमार तिवारी, थाना प्रभारी ईशानगर शैलेन्द्र सक्सेना, प्र.आर. जगवेन्द्र सिंह, आर. भगवानदास यादव, धर्मेन्द्र पटेल, दीपक चौरसिया की भूमिका रही।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

**कलेक्टर ने 11 एवं 12 कक्षा में बच्चों के लिए स्कूल टाइम के उपरांत एक्स्ट्रा कोचिंग क्लासेज लगाने के दिए निर्देश**

कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य डॉ. मनीष रूसिया सहित समिति के सदस्य, अभिभावकगण उपस्थित रहे।

छतरपुर।




बैठक में कलेक्टर श्री जैसवाल ने एनुअल स्पोर्ट्स सेलिब्रेशन 2024, बाल मेला, साइंस एग्जिबिशन, एक्सपोजर विजिट अंडर पीएम श्री स्कीम, एनुअल अकादमिक इंस्पेक्शन, विद्यालय रेनोवेशनस, ऑडिटोरियम में हुए बदलाव, प्रिंसिपल चैंबर में किए गए रिनोवेशन आदि बिंदुओं के बारे में समीक्षा की। साथ ही सरस्वती की नवीन स्थापित मूर्ति, प्रिंटर, कंप्यूटर, क्लासिकल म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स की खरीदी के बारे में विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि उक्त म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स के प्रयोग के बारे बच्चों को सिखाएं। साथ ही विद्यालय के ऑडिटोरियम में लगाए गए पंखों, सीसीटीवी कैमरा की भी समीक्षा की।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने विद्यालय की व्यवस्था में बच्चों की परीक्षाओं की संबंध में जानकारी ली और एग्जाम सेंटर के बारे में चर्चा की। साथ ही प्राचार्य श्री रूसिया द्वारा वोकेशन लैब्स एवं विद्यालय में संपन्न हुए अतिथि शिक्षकों के इंटरव्यू के बारे में भी बताया गया। साथ ही बैठक में विद्यालय के निर्धारित एजेंडा बिंदुओं की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री जैसवाल ने विद्यालय में क्यूरिकुलर एंड को-क्यूरिकुलर एक्टिविटीज कराने के निर्देश दिए एवं विद्यालय के खर्चों, सिक्योरिटी स्टाफ के खर्चों, मेडिकल खर्चों के बारे में भी समीक्षा की। कलेक्टर ने वॉटरप्रूफिंग ऑफ रुफ एरिया, पेंटिंग वर्क, लेवलिंग ऑफ स्पोर्ट ग्राउंड के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को एस्टीमेट बनाने के लिए निर्देशित किया। एवं पिछली बैठक के मदवार व्यय एवं आगामी व्यय के मदों पर भी गहन समीक्षा की। साथ ही विद्यालय में लगे लेन - इंटरनेट फैसिलिटी आदि के बारे में भी जानकारी ली।कलेक्टर श्री जैसवाल ने इंटरैक्टिव पार्क जिसमें साइंस पार्क एवं मैथ्स पार्क बनाए जाने के निर्देश दिए। एवं विद्यालय में 11 एवं 12 कक्षा में बच्चों के लिए स्कूल टाइम के उपरांत एक्स्ट्रा कोचिंग क्लासेज लगाने के लिए निर्देशित किया जिससे की प्रतियोगी परीक्षाओं में भी उनको मार्गदर्शन मिले। साथ ही कलेक्टर ने कंप्यूटर में नया सिखाने के बारे में जानकारी लेते हुए आर्टीफीशियल इंटैलीजेंस, ऐप्स बनवाने, लैंग्वेज पाइथॉन, वेब पेजेज डिजाइनिंग, चैट जीपीटी आदि के बारे में सिखाने के लिए भी निर्देशित किया। एवं कलेक्टर ने स्पोर्ट्स में होने वाले सुधार के बारे में जानकारी लेते हुए फुटबॉल ग्राउंड, बॉलीबॉल ग्राउंड, रनिंग ट्रैक आदि में होने वाले सुधार के बारे में सुझाव लिए और विस्तृत चर्चा की। साथ ही एक्स्ट्रा क्यूरिकुलर एक्टिविटीज में कलेक्टर ने साहित्यिक गतिविधियां जिसमें वाद विवाद, निबंध प्रतियोगिता आदि कराने के लिए भी कहा। और कहा कि सब्जेक्ट ज्ञान से हटके करेंट अफेयर्स पर बच्चों का टेस्ट लें और प्रोत्साहन के रूप में उन्हें पुरस्कृत करें।

विद्यालय के लिए कलेक्टर द्वारा दिए गए सुझाव पर आभार व्यक्त किया गया और एक स्मृति चिन्ह एवं हरित पौधा भेट किया गया। तत्पश्चात कलेक्टर श्री जैसवाल ने विद्यालय में रेनोवेशन में हुए खर्चों में प्राचार्य कक्ष, ऑडिटोरियम का भी निरीक्षण किया।



## कलेक्टर ने लवकुशनगर ब्लॉक के जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

### कलेक्टर ने टंकी, नल कनेक्शन एवं सड़क मरम्मत और डब्ल्यूटीपी का निरीक्षण किया

### क्यूब की टेस्टिंग कराने पर मानक अनुरूप नही मिलने पर डिस्मेंटल कर सुधार के निर्देश दिए

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बुधवार को जिले के लवकुशनगर ब्लॉक में क्रियान्वित जल जीवन मिशन के तहत लवकुशनगर समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ग्राम सूरजपुर एवं देवरी में जल आपूर्ति से संबंधित टंकी, नल कनेक्शन एवं सड़क मरम्मत के कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से योजना की प्रगति और कार्य की गुणवत्ता को लेकर संवाद किया।इसके बाद ग्राम पंचमनगर में निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) का निरीक्षण करते हुए सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान कलेक्टर ने लेब में क्यूब टेस्टिंग कराई। जिसमें परीक्षण के परिणाम निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर जल निगम के अधिकारियों, एसक्यूसी स्टाफ एवं ठेकेदार को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने जीएम जल निगम को निर्देश दिए कि एक साथ 7 क्यूब को टेस्ट कराएं और सही मानक के नहीं पाए जाने पर डिस्मेंटल की कार्यवाही करें। इस दौरान जल निगम के महाप्रबंधक एल.एल. तिवारी, जनपद सीईओ लवकुशनगर सहित एसक्यूसी टीएल एवं एलसीसी कंपनी के जीएम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**स्पा सेंटर सहित एक दर्जन स्थानों पर छापे, आधा दर्जन युवक-युवतियां पकड़े**

# देह व्यापार की शिकायतों पर पुलिस की जांच शुरू

छतरपुर।



लंबे समय से छतरपुर के तमाम इलाकों में देह व्यापार के अड्डों के संचालित होने की शिकायतें सामने आ रही थीं। शहर में खुले स्पा सेंटर्स पर भी मसाज के नाम पर देह व्यापार करने के आरोप लगते रहे हैं। इन तमाम शिकायतों के सामने आने के बाद अब छतरपुर पुलिस इन संदिग्ध स्थानों की जांच-पड़ताल में जुट गई है। हालांकि ऐसी जांच-पड़ताल दो महीने पहले भी की गई थी तब पुलिस ने किसी को आरोपी नहीं बनाया था। बुधवार को एक बार फिर पुलिस ने ऐसे अड्डों पर दोपहर के समय अचानक छापामार कार्यवाही करते हुए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

एसपी अगम जैन के निर्देश पर बुधवार को सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मीकी चौबे और निर्भया मोबाइल टीम की प्रभारी एसआई नेहा गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस की एक बड़ी टीम ने सिलसिलेवार तरीके से निरीक्षण का अभियान शुरू किया। इस अभियान के तहत अनुराग सिटी सेंटर में संचालित होने वाले स्पा मसाज सेंटर, पन्ना रोड, सागर रोड और देरी रोड पर चलने वाले मसाज सेंटर्स व कुछ घरों की जांच-पड़ताल शुरू की। इन स्थानों पर पहुंची पुलिस ने स्पा सेंटर के एक-एक रूम में जाकर संदिग्ध गतिविधियों की जांच की। स्पा सेंटरों के दस्तावेज जांचते हुए यहां काम करने वाले कर्मचारियों से पूछताछ की। इन स्पा सेंटरों पर उत्तर पूर्वी राज्यों की कई लड़कियां काम करते हुए पायी गईं। इसके बाद पुलिस ने देरी रोड और पन्ना रोड के दूर-दराज इलाकों में मौजूद कुछ घरों पर भी छापामार कार्यवाही की जहां उत्तर पूर्व और बाहरी राज्यों की लड़कियां पाई गईं। इन स्थानों पर कुछ संदिग्ध लड़के भी मिले हैं जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। जब पुलिस की टीमें इन अड्डों पर पहुंची तो यहां हड़कंप की स्थिति मच गई। बाहर के राज्यों की लड़कियों ने अपने बारे में यह बताया कि वे काम के सिलसिले में कुछ दिन पहले ही यहां आयी थीं। बहरहाल पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

### कार्यवाही सिर्फ सुर्खियां बटोरने तक सीमित

गौरतलब है कि हाल ही में हुए टीआई कुजूर आत्महत्या काण्ड के बाद यह मामला सुर्खियों में आया था कि शहर में पुलिस के संरक्षण के भीतर ही देह व्यापार के दो दर्जन से ज्यादा अड्डे संचालित हो रहे हैं। इनमें स्पा सेंटर भी शामिल हैं। इन अड्डों पर बाहरी राज्यों की लड़कियां आ रही हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से इन लड़कियों को ग्राहक उपलब्ध कराए जाते हैं और खुलेआम देह व्यापार का धंधा शहर में फलफूल रहा है। लगातार हो रही पुलिस की बदनामी के बाद इस मामले में पुलिस एक्शन में जरूर नहीं आ रही है लेकिन यह जांच-पड़ताल एक बार फिर सुर्खियां बटोरने तक ही सीमित रह सकती है क्योंकि बुधवार को पुलिस ने किसी की गिरफ्तारी नहीं की है। लगभग दो महीने पहले भी इसी तरह का जांच अभियान चलाया गया था और तब भी पुलिस को कोई आरोपी नहीं मिला था। अक्सर पुलिस पर आरोप लगते रहे हैं कि स्पा सेंटर भी अब थानों की मासिक कमाई का जरिया बन गए हैं इसलिए ये बे रोक-टोक चल रहे हैं।

# छतरपुर में एक साथ चार गोदामों के ताले टूटे

छतरपुर।



छतरपुर में अपराधी बेलगाम होकर आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। चोरियों के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक बार फिर गल्लामण्डी सरानी रोड पर व्यापारियों के चार गोदामों के ताले टूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह 11 बजे विश्वनाथ कॉलोनी में रहने वाले दीपक कुमार सिंधी जैसे ही सरानी रोड पर संचालित होने वाले अपने टॉफी गोदाम पर पहुंचे तो उन्हें यहां का ताला टूटा हुआ मिला। गोदाम में रखी सामग्री और लगभग 40-50 हजार रूपए की नगदी चोरी हो चुकी थी। उनके पास बने तीन अन्य गोदामों के भी ताले टूटे पाए गए। इन गोदामों से हुई चोरी की सामग्री का पता लगाया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया है लेकिन अब तक पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। शहर में पूर्व में हुई चोरियां भी अब तक नहीं खुल सकी हैं।

### महिला चोर गिरोह ने जेवरात उड़ाए

बुधवार को शहर की रामगली बजरिया में सर्राफा की दुकान संचालित करने वाले व्यापारी संजू सोनी ने सिटी कोतवाली पुलिस में एक वीडियो दिखाते हुए शिकायत दर्ज कराई है कि पिछले दिनों उनकी दुकान से दो महिलाओं ने 28 हजार कीमत के सोने के दो टॉप्स चोरी कर लिए। इस वीडियो में साफ दिख रहा है कि साड़ी पहनकर दुकान पर आयीं अधेड़ उम्र की दो औरतों ने नजर बचाते हुए इस दुकान से जेवरात चोरी कर लिए। पलक झपकते हुए चोरी की वारदात को अंजाम देकर ये महिलाएं फरार हो गईं। सिटी कोतवाली पुलिस ने वीडियो और शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### इनका कहना-

शहर के सरानी दरवाजा इलाके में कुछ गोदामों के ताले टूटने की सूचना मिली है। पुलिस निरीक्षण कर जानकारियां एकत्रित कर रही है। जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे।

**अमन मिश्रा, सीएसपी, छतरपुर**

# पुलिस ने लूट का किया खुलासा, आठ हजार के इनामी 3 आरोपी गिरफ्तार

**सोने चांदी के आभूषण एवं घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल, अवैध देशी कट्टा कुल कीमत करीब 4 लाख रुपए जप्त**

छतरपुर।

माह मार्च के प्रारंभ में थाना अलीपुरा क्षेत्र अंतर्गत कुकरेल हरपालपुर रोड में फरियादी पुष्पेंद्र सेन निवासी गढ़ी मलहरा हाल छतरपुर की लूट संबंधी रिपोर्ट पर थाना अलीपुरा में भारतीय न्याय संहिता की लूट सहित विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण कर भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्र किये। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए लूट की संपत्ति की बरामदगी एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 8000 के इनाम की उद्घोषणा की।

पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश हेतु क्षेत्र में आवागमन करने वाले संदिग्ध की जानकारी एकत्र की, मुखबिर तंत्र सक्रिय किया तथा आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए। एकत्रित साक्ष्य, हुलिया के अनुसार जिला दतिया के संदेहियों की क्षेत्र में मूवमेंट संबंधी जानकारी मिली। संदेहियों से बारीकी से पूछताछ की गई, लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपी उदय राजा उर्फ़ कार्तिक राजा परमार पिता राजेश प्रताप सिंह निवासी बड़े पोस्ट ऑफिस के पीछे दतिया, हिमांशु कोस्टा पिता मुकेश कोस्टा निवासी हनुमानगढ़ी मोहल्ला दतिया, आकाश ठाकुर पिता भोपाल सिंह निवासी गोंडा मोहल्ला दतिया को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से लूटी गई संपत्ति सोने चांदी के आभूषण- हार, झुमकी, ब्रेसलेट, अंगूठी एवं प्रयुक्त वाहन रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल, अवैध हथियार 315 बोर का देशी कट्टा, कारतूस कुल संपत्ति करीब 4 लाख रुपए बरामद किया गया। आरोपी उदय राजा लूट, अवैध हथियार, मारपीट के 4 अपराध एवं हिमांशु कोष्टा लूट, मारपीट के दो अपराधों में लिप्त है। अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया जा रहा है, विवेचना कार्यवाही जारी है।

उक्त कार्यवाही में एसडीओपी नौगांव अमित मेश्राम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अलीपुरा उप निरीक्षक डीडी शाक्य, सहायक उप निरीक्षक सीताराम सूर्यवंशी, प्रधान आरक्षक हनुमानदीन, आरक्षक रामदास, राम जाट, संदीप अहिरवार, अरविंद्र, जितेंद्र , साइबर से विजय की भूमिका रही।



## खबर संक्षेप

### नशीली सिरप के साथ ग्राहक का इंतजार कर रहा बाल अपचारी गिरफ्तार 2 फरार

**रीवा।** शहर की सिटी कोतवाली पुलिस ने बड़ी पुल के पास एक बाल अपचारी बालक को 47 शीशी नशीली कफ सिरप के साथ पकड़ा। पकड़ा गया बाल अपचारी एक झोले में नशीली कफ सिरप बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। सिटी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मुखबिर सूचना के बाद रेड कार्रवाई करते हुए बाल अपचारी बालक को पकड़ा गया जिसके पास से एक झोला में भरी 49 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद की गई। पुलिस ने विधि विरुद्ध बालक से जब नशीली कफ सिरप के संबंध में पूछतांछ की तो उसके दो साथियों का नाम सामने आया जो मौके से फरार हो गए। जिनकी तलाश पुलिस टीम कर रही है। पुलिस ने मामले में धारा 8,21,22 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 औषधि अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### गोविंदगढ़ में आम फल बहार की नीलामी आज होगी

**रीवा।** शासकीय उद्यान गोविंदगढ़ में आम फल बहार की वर्ष 2024-25 की नीलामी 20 मार्च को दोपहर 12 बजे से उद्यान कार्यालय गोविदगढ़ में की जायेगी। उद्यान अधीक्षक से प्राप्त जानकारी के अनुसार इच्छुक व्यापारी व क्रेतागण नियत तिथि में नीलामी में शामिल हो सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत विवरण शासकीय उद्यान कार्यालय गोविंदगढ़ से प्राप्त किया जा सकता है।

### पीसी एण्ड पीएनडीटी सलाहकार समिति की बैठक आज

**रीवा ।** स्वास्थ्य विभाग में पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक 20 मार्च को शाम 3 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर के मीटिंग हॉल में आयोजित की गयी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने संबंधितों से नियत समय में बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### नागेन्द्र सिंह कल्चुरी बने ए.आई.एफ.बी.के कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष

**रीवा।** ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्यप्रदेश के प्रदेश महासचिव अरुण प्रताप सिंह की अनुशंसा एवं राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी अमरीस कुमार की सहमति से राष्ट्रीय महासचिव देवराजन साहब ने ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्यप्रदेश के जुझारू नेता नागेन्द्र सिंह कल्चुरी को मध्यप्रदेश ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक का कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री कल्चुरी ने कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष बनाये जाने पर राष्ट्रीय महासचिव देवराजन साहब, राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी अमरीस कुमार, प्रदेश महासचिव अरुण प्रताप सिंह, सुखनन्दन सिंह गहरवार का हृदय से आभार ज्ञापित किया है। श्री कल्चुरी ने कहा कि ए.आई.एफ.बी.के नेताओं ने जिस तरह से प्रदेश की बागडोर मुझे सौपी है उसका निष्ठा एवं ईमानदार से पालन करते हुए मध्यप्रदेश में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही संगठन को मजबूती प्रदान करूंगा।

### जिला मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत प्रस्ताव अवलोकन हेतु उपलब्ध

**कटनी।** जिला पंजीयक पंकज कोरी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु गाइड लाइन दरों को निर्धारित किये जाने हेतु जिला मूल्यांकन समिति कटनी की बैठक कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में 17 मार्च को आयोजित की गई। बैठक में उप जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा प्रेषित प्रस्तावों को जिला मूल्यांकन समिति के समक्ष अवलोकन, परीक्षण एवं चर्चा उपरान्त उचित निर्णय हेतु रखा गया। बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार समिति द्वारा पारित प्रस्ताव जनसामान्य के अवलोकन एवं सुझाव हेतु जिले के पंजीयन कार्यालय में उपलब्ध है।

## हर घर में पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करें - कमिश्नर

# नगरीय निकायों को स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल बनाएं

**कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि गर्मियों में नगरीय निकाय की प्रत्येक बसाहट के हर घर में पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करें। इसके लिए कार्ययोजना बनाकर अभी से प्रयास शुरू कर दें।**

रीवा ।



पेयजल के संबंध में प्राप्त शिकायतों का तत्परता से निराकरण करें। नगर पंचायत न्यू रामनगर, अमरपाटन तथा मैहर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करें। संयुक्त संचालक नगरीय विकास संभाग में नगरीय निकायों में पयेजल व्यवस्था के संबंध में हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण किया जा रहा है। इसके लिए निर्धारित मापदण्डों पर समस्त कार्यवाहियाँ सुनिश्चित करें। कचरे के नियमित उठाव, पृथक्करण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने सहित स्वच्छता से जुड़ी सभी गतिविधियों पर विशेष ध्यान दें। अपने नगरीय निकाय को स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल बनाएं। कमिश्नर ने कहा कि सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमृत-2 योजना अधोसंरचना मद तथा कायाकल्प योजना से स्वीकृत निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूरा कराएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। जहाँ सीवर लाइन निर्माण का कार्य चल रहा है वहाँ निर्माण एजेंसी से समन्वय बनाकर सड़कों के रेस्टोरेशन का कार्य तत्परता से कराएं। नगरीय निकायों में सीसी रोड निर्माण के साथ नालियों का निर्माण अनिवार्य रूप से कराएं। संयुक्त संचालक स्वीकृत निर्माण कार्य समय पर पूरा न करने वाले सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करें। निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड करें। कमिश्नर ने कहा कि संभाग में मैहर तथा चित्रकूट जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक नगर हैं। इनमें पेयजल तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। विभिन्न योजनाओं से पूर्ण निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण के माध्यम से गुणवत्ता की जाँच की जाएगी। जाँच में किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर संबंधित निर्माण एजेंसी के साथ-साथ इंजीनियरों पर भी कार्यवाही की जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी निर्माण एजेंसियों को समय पर भुगतान करके निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा कराएं। नगरीय निकायों में प्रकाश व्यवस्था पर भी समुचित ध्यान दें। नगर के सार्वजनिक मार्गों से अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाएं। बैठक में संयुक्त संचालक आरएस मंडलोई ने नगरीय निकायों के निर्माण कार्यों की योजनावार जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि संभाग के 13 नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण पूरा हो गया है। नगर निगम रीवा तथा सतना ने स्वच्छता सर्वेक्षण में 5 स्टार रैंकिंग तथा नगर निगम सिंगरौली ने 7 स्टार रैंकिंग के लिए आवेदन किया है। सभी नगर पंचायतों में भी स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में सुधार होगा। बैठक में उप संचालक एसके मिश्रा, सभी नगरीय निकायों के सीएमओ तथा उपयंत्री उपस्थित रहे।

## जंगली भालू ने 10 वर्षीय मासूम को बनाया निशाना, हालत गंभीर

**रीवा ।** संजय टाइगर रिजर्व वन्य परिक्षेत्र से सटे भनखड़िया गांव में भालू ने 10 वर्षीय बच्ची को अपना निशाना बना लिया। जिसमें बच्ची मनीषा साहू गंभीर रूप से घायल हुई है। उसके आंख में गंभीर चोंट भी आई है। जिसे भालू ने बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया है। बुधवार की सुबह एक भालू ने एक बच्ची को अपने जबड़े में दबा लिया और जंगल की ओर जाने लगा। इसी दौरान इस पूरे घटनाक्रम पर मासूम के चाचा की निगाह उस पर जा पड़ी और उसने डंडा लेकर भालू को खदेड़ लिया। परिजनों द्वारा घायल बच्ची को पहले तो सीधी के सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल की गंभीर अवस्था देखते हुए उसे संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया हैं।



बताया गया कि बच्ची की गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे पहले संजय गांधी अस्पताल के कैजुअल्टी उसके बाद सर्जरी विभाग के आईसीयू और फिर ऑप्टिहेल्मोंलॉजी विभाग भेजा गया। मामले के संबंध में मिली जानकारी अनुसार मासूम के चाचा तोता सिंह ने बताया कि बच्ची सुबह उठी और शौच के लिए घर के पीछे की ओर गई थी। इसी दौरान घर के पीछे की ओर लगे जंगल से अचानक एक भालू आया और बच्ची पर हमला कर दिया। बच्ची को अपने जबड़े में दबाकर जंगल की ओर जाने लगा। इसी दौरान भालू द्वारा निकाली गई। आवाज घर के अंदर तक आ गई। जिसके बाद मैंने डंडा लेकर भालू को खदेड़ लिया। मुझे पीछे आता देख भालू ने बच्ची को जमीन में गिरा दिया और जंगल की ओर भाग गया। इसके बाद मैं बच्ची को सीधी के जिला चिकित्सालय ले गया। जहां से मासूम को रीवा रेफर किया। वहीं संजय गांधी अस्पताल के प्रवक्ता डॉक्टर यत्नेश त्रिपाठी का कहना है कि भालू के हमले में बच्ची को गंभीर चोटें आई हैं। उसका इलाज कई विभाग की विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है। अब हालत स्थिर है। चेहरे पर गंभीर चोटें हैं। बेहतर उपचार देने का प्रयास किया जा रहा है।

## पुलिस ने जुए के फड़ पर की छापेमारी, 5 जुआरी गिरफ्तार

रीवा।



शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत फोर्ट रोड स्थित मच्छरदानी इलाके में चल रहे एक जुए के फड़ पर पुलिस ने छापेमारी कर 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने 45 सौ रुपये नकद और ताश के पत्ते बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों पर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक, कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौड़ को बीती रात एक गुप्त सूचना मिली थी कि फोर्ट रोड के मच्छरदानी क्षेत्र स्थित एक मकान की तीसरी मंजिल पर जुआ खेला जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उस स्थान पर घेराबंदी की और मकान में मौजूद जुआरियों को पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि मौके से 5 जुआरी गिरफ्तार किए गए, जिनमें कुछ शातिर अपराधी भी शामिल थे। गिरफ्तार आरोपियों में बिछिया थाना क्षेत्र के निवासी इकबाल खान, पिपेंद्र तिवारी, जानू खान, शमीम अंसारी और आलेख सोनी शामिल हैं। ये सभी जुआ खेल रहे थे और हार-जीत पर दांव लगा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 45 सौ रुपये नकद, ताश के पत्ते और अन्य जुआ सामग्री जब्त की है। पुलिस ने कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## हिन्दू धर्म परिषद की लट्ठमार होली 25 मार्च को

# होली नृत्य-गीत-संगीत के साथ होगा सॉई मंदिर में आयोजन

रीवा ।



विंध्य की प्राचीन परम्परा के अनुसार बुढ़वा मंगल के शुभअवसर पर हिन्दू धर्म परिषद के तत्वाधान में आगामी 25 मार्च को सायं 04:00 बजे से स्थानीय सॉई मंदिर के प्रांगण में ब्रजधाम की बुढ़वा मंगल की लठ्ठमार होली का प्रदर्शन कलाकारो द्वारा किया जायेगा जिसके लिये तैय्यारियॉ प्रारम्भ कर दी गई है। नगर के नामचीन कलाकारों द्वारा होली रास-गरवा-नृत्य गीत-संगीत-फाग की बेहतरीन प्रस्तुतियॉ दी जायेगी। इस वर्ष उनके साथ राधाकृष्ण के स्वरूप बनाकर अपनी प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को परिषद द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किये जायेगे। हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी आजीवन संरक्षक सुरेश विश्नोई, रामसखा यादव के मार्गदर्शन में अध्यक्ष डॉ0 प्रवीर चंद दुबे द्वारा अपनी टीम के साथ भव्य योजना बनाई जा रही है। आयोजन के मार्गदर्शक उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला की मंशानुसार इसकी शुरूआत की जा रही है। इस आयोजन को विशाल एवं गरिमामय बनाने नगर की अग्रणी संस्थाओं प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ई0 वि0वि0, मुकेश एण्ड मुकेश आरकेस्ट्रा परिवार, रिदम म्यूजिकल परिवार, ग्रामीण बाल प्रतिभा मंच मगुरहाई, सॉई मंदिर परिवार, धर्मपरिवार, गुड मार्निंग क्लब, बजरंग संघ, कलम परिवार आदि ने शामिल होकर सहयोग करने की सहमति प्रदान की है। वही लठ्ठमार होली के कार्यक्रम को व्यवस्थित संचालित करने डी.पी. सिंह परिहार, विनोद तिवारी भोला तिवारी, उमेश सेन, संजय तिवारी 'मुन्नू', शिव कुशवाहा, ममता नरेन्द्र सिंह, को कार्यक्रम संरक्षक बनाया गया है। धर्मपरिषद के घोषित आयोजन का वरिष्ठ संरक्षक सदस्य डॉ0 सी.बी.शुक्ला, डॉ0 के.के. परौहा, डॉ0 ज्योति सिंह, बी.के.निर्मला, डॉ0 रश्मी शुक्ला, राकेश तिवारी कपसा, रामकृष्ण अग्रवाल, सुनील अग्रवाल एड0, रामचंद वर्मा पत्रकार, डॉ0 राहुल मिश्रा, डॉ0 शुभम मिश्रा, डॉ0 राजनारायण तिवारी, अखण्ड प्रताप सिंह एड0, शिवेन्द्र मिश्रा एड0, विजय थावानी, अनिल त्रिपाठी पत्रकार आदि ने स्वागत करते हुये कार्यक्रम की सफलता की कामना की है।

## युवा संगम कार्यक्रम 25 मार्च को, मेगा जॉब फेयर में 40 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

रीवा ।

जिला मुख्यालय स्थित टीआरएस कॉलेज में युवा संगम का आयोजन 25 मार्च को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित मेगा जॉब फेयर में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मेगा जॉब फेयर के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 40 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 9 हजार रुपए से 40 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, समग्र आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। युवा संगम आयोजन की सुचारू व्यवस्थाओ के लिये कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा व्यवस्था, आयुक्त नगर निगम को आयोजन स्थल में साफ-सफाई, शौचालय एवं फायर ब्रिगेड की व्यवस्था का दायित्व सीईओ जिला पंचायत को समन्वयक एवं नोडल अधिकारी का दायित्व तथा एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक को नियोजको को आमंत्रित करने, महाप्रबंधक उद्योग को स्वरोजगार संबंधित आवेदकों को हितलाभ वितरित करने तथा आईटीआई के प्राचार्य को छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार अन्य विभागीय अधिकारियों को सफल आयोजन के लिये विभिन्न दायित्व सौंपे गये है। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में मिडिया इंडिया प्रा. लि. महाराष्ट्र (जीएमसीसी), सिनोवा गियर्स एण्ड ट्रांसमिशन प्रा.लि. राजकोट गुजरात, डीएमसीएफएस प्रा.लि., पुणे, जिगनी बेंगलूर, एमआरएफ लिमिटेड गुजरात, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा नसिक, धूत ट्रान्समिशन लिमि. पुणे, मानाबुकी पुणे, अनएकेडमी नोएडा, एसएसपीएल शिरवाल महाराष्ट्र, उत्कर्ष स्मोल फाइनेंस जबलपुर, एल एण्ड टी, फ्लिप कार्ट रीवा, जस्ट डायल रीवा, मुद्रा सोलर प्रा.लि. अदानी सोलर, अदानी न्यू इंडस्ट्री लिमि अडानी विंड, टाटा मोटर ऑटोमोबाइल कंपनी अहमदाबाद गुजरात, मदरसन मेट ऑटोमोटिव प्रा. लि., डिक्सन टेक्नोलॉजी प्रा. लि. नोएडा, आर्मस ग्रुप एलाइड रिसोर्स मैनेजमेंट सर्विसेज इंडिया प्रा. लि., श्री फूड प्रोड्क्स उद्योग विहार चोरहटा रीवा, ख्याति शील्ड ग्लोबल रिच रायपुर छत्तीसगढ़, प्राकृतशील बॉयोटेक प्रा.लि. सवेरा होटल के पास सतना, यशस्वी ग्रुप भोपाल, डी एण्ड एच सेचरोन कंपनी इंदौर, लार्सन एण्ड टूब्रो, शक्ति पंप इंडिया लिमिटेड, हिन्द फार्मा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा. लि. पुणे, योकोहामा ऑफ हाइवे टायर, गुजरात, रेइज एण्ड मिट्स टायर्स गुजरात, विक्टोरिया इंडस्ट्रीज हरियाणा महाराष्ट्र गुजरात, सिएट टायर्स हलाल गुजरात, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार इंदौर, बजाज कैपिटल रीवा, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. तथा भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## कन्या महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर कार्यक्रम का आयोजन

# साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाएं सुरक्षा एवं अर्थव्यवस्था के लिए खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय में "साइबर सुरक्षा" पर एक प्रेरणाप्रद व्याख्यान तथा वीडियो प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जो प्रतिमाह आयोजित होने वाले शैक्षिक और जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। मुख्य वक्ता के रूप में



प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने अपने उद्बोधन में साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी एक अभिन्न अंग बन चुकी है। डिजिटल युग में साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाएं, जैसे डेटा चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, और साइबर हमले, देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बन सकते हैं।

## चाका में कम्प्रेशर टंकी में हुआ ब्लास्ट, दो कर्मचारी हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना अंतर्गत चाका में मंगलवार को एक कम्प्रेशर टंकी ब्लास्ट हो गई। ब्लास्ट की आवाज से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। घटना के बाद आसपास अफरा तफरी का माहौल बन गया। इस हादसे में दो व्यक्तियों को गंभीर चोटे आई है। स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर में चाका स्थित कमानी दुकान में यह हादसा हुआ। सूत्रों की माने तो कम्प्रेशर टंकी में ज्यादा हवा भर जाने की वजह से यह हादसा हुआ। ब्लास्ट की वजह से कुछ दुकानों की सामग्री भी क्षतिग्रस्त हो गई।